॥ रविवार

रविवारीय

वर्धमान
रविवार 24 जुलाई 2022

www.sanmarg.in

॥ श्री हरिः ॥

# सन्मार्ग

हुगली, हल्दिया, खड़गपुर, वर्धमान, रानीगंज, आसनसोल, बीरभूम, बांकुड़ा




# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों का दसवीं में शानदार प्रदर्शन





**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों ने हर साल की तरह बेहतर परीक्षा परिणाम लाकर अध्यापकों तथा अभिभावकों को गौरवान्वित किया। जारी परिणाम के अनुसार सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अमीषा बांका ने 97.80 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान पर रहीं तथा 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ अंकिता रंजन प्रसाद द्वितीय तथा ए. वैष्णवी ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बांग्ला भाषा में स्वर्णजीत नाग ने सर्वश्रेष्ठ 71 अंक प्राप्त किये। उपांशु दास ने संस्कृत में 100 प्रतिशत तथा रिद्धि नायक ने हिन्दुस्तानी संगीत में 95 अंक प्राप्त किये। प्रधानाचार्य आर. डी. शर्मा तथा अध्यापकों ने छात्रों की भूरि – भूरि प्रशंसा की तथा कहा कि छात्रों के प्रयास का ही परिणाम है कि कोरोना संक्रमण की अवांछित परिस्थितियों में भी छात्रों ने अपना शत–प्रतिशत देकर स्वयं की योग्यता को प्रमाणित किया है।